जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज, प्रयागराज

एम0ए0 प्रवेश संबंधी नियम

1. जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज में एम0ए0 में प्रवेश की प्रक्रिया दिनांक 08 नवम्बर 2020 से प्रारम्भ होगी। छात्राएं प्रत्येक कार्य दिवस पर 11.00 बजे से 2.00 बजे तक प्रवेश हेतु सम्पर्क करें।
2. महाविद्यालय में प्रवेश के लिए केवल वे महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी जो इलाहाबाद विश्वविद्यालय की पी0जी0ए0टी0 –2020 प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुई हैं।
3. एम0ए0 में विषय एवं कुल सीटों की संख्या
   अर्थशास्त्र–50, भूगोल–50, हिन्दी–50 एवं संस्कृत–62
   आरक्षण – केन्द्र सरकार एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के नियमानुसार। OBC 27%, SC 15% ,ST 7.5%, EWS 10%, PH 5%, Sports 2%

   प्रथम चरण– ऑनलाइन आवेदनपत्र भरना

   1–प्रवेश के प्रथम चरण में अभ्यर्थियों को महाविद्यालय की वेबसाइट jtgdc.ac.in पर जाकर Admission फार्म डाउनलोड करना होगा और इसे भरकर सभी आवश्यक प्रपत्रों की छायाप्रतियां संलग्न कर मूल प्रमाणपत्रों एवं टी0सी0/माइग्रेशन के साथ महाविद्यालय में उपस्थित होना होगा।
4. आवेदनपत्र के साथ निम्नालिखित प्रपत्र संलग्न करें–
   - पी0जी0ए0टी –2020 प्रवेशपत्र (स्वप्रमाणित छायाप्रति)।
   - पी0जी0ए0टी –2020 का अंकपत्र (स्वप्रमाणित छायाप्रति)।
   - बी0ए0 का अंकपत्र (स्वप्रमाणित छायाप्रति)।
   - इण्टरमीडिएट का अंकपत्र (स्वप्रमाणित छायाप्रति)।
   - इण्टरमीडिएट प्रमाणपत्र (स्वप्रमाणित छायाप्रति)।
   - हाईस्कूल का प्रमाणपत्र (स्वप्रमाणित छायाप्रति)।
   - हाईस्कूल अंक तालिका (स्वप्रमाणित छायाप्रति)।
   - आरक्षित वर्ग के लिए वैध OBC/SC/ST/EWS का कम्प्यूटराइज्ड प्रमाणपत्र (स्वप्रमाणित छायाप्रति)।
   - विशेष श्रेणी हेतु एन0सी0सी0/खेलकूद/दिव्यांग प्रमाणपत्र (स्वप्रमाणित छायाप्रति)।
   - टी0सी0, माइग्रेशन एवं चरित्र प्रमाणपत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति (मूलप्रति काउंसलिंग के समय महाविद्यालय में जमा करनी होगी) (स्वप्रमाणित छायाप्रति)।
   - एंटी रैगिंग का अण्डरटेकिंग (स्वप्रमाणित छायाप्रति)।
   - आधार कार्ड (स्वप्रमाणित छायाप्रति)।
   - स्थायी पता हेतु प्रमाण रूप में आधार कार्ड/वोटर आई0डी0 कार्ड/निवास प्रमाणपत्र (स्वप्रमाणित छायाप्रति)।
   - OBC/EWS अभ्यर्थियों हेतु हस्ताक्षरित अण्डरटेकिंग (स्वप्रमाणित छायाप्रति)।
   - स्वनामांकित 2 रंगीन फोटो (पासपोर्ट साइज)।
5. **प्रवेश मेरिट के अनुसार सीटों की संख्या रिक्त रहने तक किया जायेगा।**

शुल्क

6. एम0ए0 में गैर प्रयोगात्मक विषय का कुल वार्षिक शुल्क रू0 8000/– एवं प्रयोगात्मक विषय भूगोल का वार्षिक शुल्क रू0 11000/– है।
7. शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थियों को बैंक ड्राफ्ट तथा महाविद्यालय के कार्यालय में जमा करना होगा। बैंक ड्राफ्ट के पीछे अभ्यर्थी अपना पी0जी0ए0टी0 रोल नम्बर, मो0नम्बर एवं नाम अवश्य लिखें। बैंक ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, अथवा अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक के किसी भी शाखा से **'प्राचार्या, जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज, इलाहाबाद'** के पक्ष में बनवाया जायेगा जो इलाहाबाद (प्रयागराज) में देय होगा।
8. सीट आबंटन के पश्चात भी प्रवेश प्रकिया तभी पूर्ण मानी जायेगी जब छात्रा ने निर्धारित शुल्क जमा कर दिया होगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर शुल्क जमा न करने पर अभ्यर्थी का अभ्यर्थन स्वयं निरस्त माना जायेगा।

सूचना का माध्यम– प्रवेश सम्बन्धी सूचना महाविद्यालय की वेबसाइट, स्थानीय समाचारपत्रों तथा नोटिस बोर्ड के माध्यम से दी जायेगी। किसी भी प्रकार से सूचना न मिल पाने का उत्तरदायित्व महाविद्यालय का नहीं होगा।

र० कु० वर्मा

(डॉ0 रतन कुमारी वर्मा)
अध्यक्ष– एम0ए0 प्रवेश समिति

(प्रो0 कमला देवी)
प्राचार्या

PRINCIPAL
Jagat Taran Girls' Degree College
ALLAHABAD